जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2020/900 **दिनांक : 15.09.2020**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त जिले के अग्रणी महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर

विषय :- आपके द्वारा अपने जिले में बनाये गये उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्रों से ओपन बुक परीक्षा/असंस्थागत छात्रों की आंतरिक मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिका के बण्डल संग्रहीत कर विश्वविद्यालय/अग्रेषण केन्द्र (आंतरिक मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिका) को प्रेषित करने बावत् निर्देश।

संदर्भ :- मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक 570/196/आउशि/शा-5'अ'/2020, भोपाल दिनांक 13.08.2020 एवं उच्च शिक्षा मंत्रालय आदेश क्रमांक 811/969/2020/38/शा-3 भोपाल दिनांक 26.08.2020

महोदय/महोदया,

शासन के संदर्भित आदेशों के अनुक्रम में शासन द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर की ओपन बुक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका एवं असंस्थागत छात्रों की आंतरिक मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिका को अपने जिले के समस्त उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्रों से प्राप्त कर ओपन बुक परीक्षा के बण्डलों को विश्वविद्यालय एवं आंतरिक मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिका को परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण केन्द्रों को भिजवाने का दायित्व सौंपा गया है। इस संदर्भ में निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखकर कार्य सम्पादित किये जाने की आवश्यकता है।

<u>विचारणीय बिन्दु निम्न प्रकार हैं :-</u>

1. प्रत्येक उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्र से ओपन बुक परीक्षा एवं असंस्थागत आंतरिक मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिकाओं के पृथक-पृथक कक्षावार बण्डल प्राप्त करें।
2. यह कि प्रत्येक ओपन बुक परीक्षा/आंतरिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका के बण्डल पर अनिवार्य रूप से 1. कक्षा का नाम 2. कुल परीक्षार्थियों की संख्या 3. संग्रहण केन्द्र का नाम 4. बण्डल प्राप्ति का दिनांक आवश्यक रूप से अंकित हो, यह सुनिश्चित करें।
3. यह कि स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की ओपन बुक परीक्षा के कक्षावार प्राप्त बण्डलों को विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन में स्थित स्ट्रांगरूम में कार्यालयीन समय में आवश्यक रूप से जमा करायें। इस कार्य हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अपने वाहन उपलब्ध कराये जावेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाओं हेतु अग्रणी महाविद्यालयों को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है अतः अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्यों तथा कुलसचिव के साथ ऑनलाईन बैठक में हुयी सहमति के आधार पर केवल बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., बी.एस.सी. (होम साइंस) तृतीय वर्ष की ओपन बुक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अग्रणी महाविद्यालय के स्तर पर होगा, इन्हें विश्वविद्यालय भेजने की आवश्यकता नहीं है।
4. मूल्यांकनकर्ता द्वारा अंकों का अंकन खण्डवार पृथक-पृथक अंकित किया जाये।
5. यह कि असंस्थागत परीक्षार्थियों की आंतरिक मूल्यांकन की उत्तर पुस्तिकाओं के प्राप्त बण्डलों को परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण केन्द्रवार पृथक-पृथक कराकर बण्डल तैयार कर अग्रेषण केन्द्र के महाविद्यालय के प्राचार्य को भिजवाना सुनिश्चित करें।
6. यह कि उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्र से उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डल प्राप्त करते समय यह सुनिश्चित करें कि उत्तर पुस्तिका के बण्डलों में उत्तर पुस्तिका प्राप्ति के लिए संधारित रजिस्टर की इलैक्ट्रोस्टेट प्रति उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्र द्वारा बण्डलों में रखी गयी है।
7. आप अपने जिले के सभी उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्रों से विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गयी समय-सारिणी के अनुसार निर्धारित अंतिम तिथि के तीन दिवस के भीतर उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डलों को संग्रहीत कर विश्वविद्यालय/अग्रेषण केन्द्र को भिजवाना सुनिश्चित करें। (बिन्दु क्रमांक 3 के अनुसार)
8. आप यह देखें कि विश्वविद्यालय के इस निर्देश का यह कि उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्र के प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का केवल एक ही बण्डल सभी परीक्षार्थियों का तैयार कराकर अग्रणी महाविद्यालयों को प्रदाय किया जावे। 01 परीक्षार्थी की समस्त विषयों की उत्तर पुस्तिकाएं एक साथ बंधी हों तथा एक कक्षा के सभी परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिका एक ही बण्डल में रखी जायें साथ ही नियमित/असंस्थागत परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं को पृथक-पृथक बांधकर एक ही बण्डल में रखा जाये। उदाहरण के लिए बी.ए. तृतीय वर्ष / बी.कॉम. तृतीय वर्ष / बी.एस.सी. तृतीय वर्ष / बी.एस.सी. (होम साइंस) तृतीय वर्ष की कुल चार बण्डल ही तैयार किए जायें। का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं।

कोविड-19 की विषम परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए परीक्षा संचालन एवं परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु आपका अभिन्न सहयोग प्राप्त होने की आशा में निर्देशित।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. **अतिरिक्त संचालक, (उच्च शिक्षा), मोती महल, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**
2. **कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।**
3. **कुलसचिव महोदय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।**

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)